# झारखण्ड की समृद्धि का संकल्प

**भारतीय जनता पार्टी, झारखण्ड प्रदेश**





# समृद्ध झारखण्ड का संकल्प

## भारतीय जनता पार्टी, झारखण्ड प्रदेश

## कृषि और किसान कल्याण

01 मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना का विस्तार कर झारखण्ड के अधिक से अधिक किसानों को 5,000 रुपये प्रदान करेंगे।

02 झारखण्ड किसान विकास बोर्ड का गठन कर, वर्ष 2020 तक कृषि और किसान विकास नीति तैयार करेंगे।

03 किसानों को फसल की पूर्ण सुरक्षा प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री पूर्ण कृषि बीमा योजना शुरु करेंगे।

04 ई-नाम (e-NAM) में पंजीकृत सभी किसानों को मोबाइल फोन प्रदान करेंगे।

05 सस्ती ब्याज दर पर 3 लाख तक का कृषि ऋण प्रदान करेंगे।

06 मुख्यमंत्री दुग्ध धारा मिशन शुरु करेंगे और अनुदान पर मिनी दुग्ध टैंक प्रदान करेंगे।

07 लघु और सीमांत मत्स्य पालकों को अनुदानित दर पर आइस-बॉक्स प्रदान करेंगे।

08 जल प्रबंधन से संबंधित सभी विभागों के बीच तकनीकी, आर्थिक एवं प्रशासनिक सामंजस्य स्थापित करने हेतु एक जल शक्ति टास्क फोर्स का गठन करेंगे।

09 झारखण्ड जल ग्रिड (स्टेट वॉटर ग्रिड) का निर्माण कर, हर जोत/खेत तक पानी पहुँचाया जाएगा।

## जनजातीय विकास का संकल्प

01 2022 तक 70 नए एकलव्य विद्यालयों का निर्माण करेंगे और पहाड़िया विद्यालय की संख्या दोगुनी करेंगे।

02 सभी जिलों में जनजातीय विद्यार्थियों के लिए छात्रावास का निर्माण करेंगे।

03 प्रदेश में रघुनाथ मुर्मू आवासीय कौशल विद्यालय की स्थापना करेंगे।

04 एमएफपी के लिए एमएसपी पर विशेष बोनस प्रदान करेंगे।

05 जनजातीय क्षेत्रों में 25 लाख रुपये तक के टेंडर में जनजातीय संवेदकों को अहर्ता में आवश्यक छूट देंगे।

06 जनजातीय युवाओं के मुफ्त प्रशिक्षण के लिए विभिन्न सेवाओं में भर्ती हेतु स्कूल स्थापित करेंगे।

07 नई कार्य योजना तैयार कर 2024 तक कार्यबल में जनजातियों की संख्या को 25 लाख तक बढ़ाएंगे।

## सशक्त युवा, समृद्ध प्रदेश

01 हर बीपीएल परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार/स्व-रोजगार उपलब्ध कराएँगे।

02 अगले 5 वर्षों में कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से 20 लाख युवाओं को नौकरी के लिए तैयार करेंगे।

03 स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ का झारखण्ड स्टार्टअप प्रमोशन और उद्यमिता का कायाकल्प (J-SUPER) फंड की शुरूआत करेंगे।

04 हर जिले में दो मेगा कौशल केंद्र और प्रखंड स्तर पर आईटीआई/कौशल विकास केंद्र की स्थापना करेंगे।

05 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्रदेश स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षा शुल्क में रियायत देंगे।

06 खेलों, प्रशिक्षकों और खेल प्रबंधन के प्रशिक्षण के लिए एक स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना करेंगे।

07 उच्च दक्षता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री खेल छात्रवृत्ति योजना शुरु करेंगे।

08 अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेताओं को 60 वर्ष की आयु के उपरांत पेंशन प्रदान करेंगे।

झारखण्ड पुकारा
भाजपा दोबारा

## महिला एवं बाल विकास

01 प्रदेश में महिलाओं के लिए उपयुक्त सरकारी सेवाओं में 33% का आरक्षण प्रदान करेंगे

02 'हर बालिका को के.जी . से पी.जी. तक निःशुल्क शिक्षा प्रदान करेंगे।

03 1 लाख नए सखी मंडलों का गठन कर 10 लाख महिलाओं को स्वावलंबी बनाएंगे। सखी मंडल सदस्यों को मोबाइल फोन सस्ते दर पर ऋण की उपलब्धता कराएंगे।

04 हर ज़िले में महिला संरक्षण केंद्र की स्थापना कर हिंसा से प्रभावित महिलाओं को सहायता प्रदान करेंगे।

05 'शक्तिस्वरूपा' महिला बटालियन और सभी जिलों में एंटी ट्रैफिकिंग पुलिस यूनिट की स्थापना करेंगे।

06 सहिया और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों की समीक्षा के लिए एक समिति बनाकर 3 महीने के भीतर इस पर कार्रवाई करेंगे।

07 200 करोड़ के बजट से आंगनवाड़ी नवीनीकरण मिशन की शुरुआत करेंगे।

## सबका साथ - सबका विकास

01 सखी मंडल को पीडीएस से जोड़ कर हर गरीब के घर तक राशन पहुंचाएंगे।

02 'पीडीएस योजना के अंतर्गत दाल उपलब्ध कराएँगे।

03 हम जिला स्तर पर ईडब्ल्यूएस परिवारों की पहचान कर प्रमाण पत्र की सुविधा प्रदान करेंगे।

04 आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के विद्यार्थियों प्री मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 2,200 और 7500 रुपये देंगे।

05 हम पिछड़े वर्ग की जनसंख्या का गहन सर्वेक्षण कार्य कर रहे हैं, प्रतिवेदन प्राप्त होने के 6 माह के अन्दर हम पिछड़े वर्ग को सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थानों में उचित आरक्षण देने का कार्य करेंगे।

06 कौशल प्रशिक्षण और विकास केंद्रों में 10 लाख असंगठित श्रमिकों को जोड़ेंगे।

07 कोल्हान, पलामू और संथाल परगना में एक-एक मेगा परिधान पार्क की स्थापना करेंगे।

08 सभी पत्रकारों, अधिवक्ताओं और वरिष्ठ व्यक्तियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्रदान करेंगे।

## अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास

01 ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के पास एक मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (MMLP) का निर्माण करेंगे।

02 रांची-गोला-धनबाद-बोकारो होते हुए दुमका तक स्वकृत एग्रो इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का निर्माण करेंगे।

03 'झारखण्ड व्यापार एवं लघु उद्योग सुगम योजना' शुरू कर व्यापारियों को जीएसटी अनुपालन, कानूनी अनुपालन और ऑडिट अनुपालन में सब्सिडी प्रदान करेंगे।

04 साहिबगंज से बहरागोडा तक की भारतमाला परियोजना के भाग में एक डेवलपमेंट कॉरिडोर का विकास करेंगे।

05 पलामू प्रमंडल में वृहद्, लघु खनिज सम्पदा आधारित उद्योग स्थापित करेंगे।

## सुशासित प्रदेश - सुरक्षित प्रदेश

01 झारखण्ड को नक्सल मुक्त प्रदेश बनाएंगे।

02 घुसपैठ की समस्या के निवारण हेतु झारखण्ड में एन.आर.सी. लागू करेंगे।

## झारखण्ड में विकास की नींव

01 2024 तक 22,000 कि.मी. नयी सड़के, 150 महत्वपूर्ण पुल एवं राँची में रिंग रोड का निर्माण करेंगे।

02 सभी जिले एक दूसरे से जोड़ते हुए 8 लेन झारखण्ड माला राजमार्ग का निर्माण करेंगे।

03 5,000 करोड़ रुपये की लागत से मुख्यमंत्री रोड कायाकल्प (रेज्यूवेनेशन) मिशन शुरू करेंगे।

04 पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमि. को समय पर पूरा कर, प्रदेश को बिजली उत्पादन में स्वावलंबी बनाएंगे।

05 प्रदेश के पांचों प्रमंडल में मल्टी-मॉडल बस टर्मिनल एवं मुख्य नगरों में ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण करेंगे।

06 हर घर में बिजली में निर्बाध बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे।

07 घरेलू मीटरों के लिए मीटर स्थापना शुल्क को माफ कर करेंगे।

08 पाईप लाइन से बचे हुए हर घर को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध करेंगे।

09 2022 तक सभी गरीबों को अपना घर का सौगात देगें

10 2020 तक राज्य के प्रत्येक गाँव में पेभर ब्लॉक से सड़क और स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करेंगे।

## स्वस्थ झारखण्ड

01 आयुष्मान भारत में 5 लाख रुपये का नि:शुल्क उपचार और जिला स्तरीय एजेंसियों की स्थापना करेंगे।

02 सभी शहरी केंद्रों में अटल मोहल्ला क्लीनिकों की संख्या को दोगुना करेंगे।

03 सस्ती दवाओं की उपलब्धता को आसान बनाने के लिए मिनी जन औषधि स्टोर खोलेंगे।

04 100 नई '108 एंबुलेंस' सेवाएँ शरू करेंगे।

05 सभी 5 प्रमंडलों के प्रमुख अस्पतालों में आधुनिक अटल कैंसर उपचार केंद्र स्थापित करेंगे।

06 प्रत्येक प्रमण्डल में एक आयुष महाविद्यालय और जिला अस्पतालों, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों में आयुष सेवाएं सुनिश्चित करेंगे।

## शिक्षित झारखण्ड - विकसित झारखण्ड

01 सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के लिए 1,000 करोड़ रुपये का विशेष कोष बनाकर इन्हें आधुनिक बनायेंगे।

02 हर माध्यमिक विद्यालय में एक भाषा एवं कंप्यूटर प्रयोगशाला स्थापित करेंगे।

03 स्नातक की पढ़ाई कर विकास कार्य करने हेतु 'झारखण्ड मुख्यमंत्री युवा फ़ेलोशिप' कार्यक्रम शुरू करेंगे।

04 छात्रों को बेहतर सस्ती शिक्षा मिल सके, इसके लिए 'झारखण्ड स्कूल और कॉलेज फीस रेग्यूलेशन ऑथरिटी की स्थापना करेंगे।

05 पारा शिक्षकों के सम्बन्ध में नियमावली पर आम सुझाव प्राप्त कर, शीध्र ही नियोजन की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

## हमारी संस्कृति और पर्यटन

01 15 नवंबर, 2024 को भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं वर्षगांठ के लिए राष्ट्रिय उत्सव की शुरुआत

02 'उलगुलान आंदोलन' में भगवान बिरसा मुंडा के संघर्षों की याद में 'धरती आबा टॉवर' का निर्माण करेंगे।

03 जनजातीय और अन्य स्वदेशी संस्कृतियों के उत्थान के लिए कार्तिक उरांव विकास कोष बनाएंगे।

04 हर वर्ष कर्मा पूजा के समय तीन दिन का 'झारखण्ड पर्व' आयोजित करेंगे।

05 दुमका जिले के मालुटी मंदिरों के संरक्षण व नवीनीकरण कर 'मालुटी महोत्सव' का आयोजन करेंगे।

## वन और पर्यावरण संरक्षण

01 अगले पांच साल में फॉरेस्ट कवर को 34% और वेरी डेन्स फॉरेस्ट को 13% तक बढ़ाएंगे।

02 बांस की खेती को बढ़ाने और बांस की नर्सरी स्थापित करने के लिए 'ग्रीन गोल्ड प्रमोशन मिशन' शुरू करेंगे।

03 पूरे वन क्षेत्र को जॉइंट फॉरेस्ट मैनेजमेंट समितियों के दायरे में लाएंगे।

04 हम सीएनजी और इलेक्ट्रिक सार्वजनिक वाहनों के रजिस्ट्रेशन शुल्क में 50 फीसदी छूट देंगे।